शाहजहाँपुर

पुलिस

प्रेस नोट – दिनांक 29.08.24

थाना खुदागंज पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुटभेड में एक अभियुक्त को तमंचे व कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार।

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्री मनोज अवस्थी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर श्री प्रयांक जैन के निकट पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम व अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाए गये अभियान के क्रम में थाना खुदागंज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

आज दिनांक 29.08.24 को जब हम लोग गस्त करते हुए ग्राम रसिया खानपुर ,कुरगाँव ,मझिला होते हुए खुदागंज रोड पर आ रहे थे जैसे ही हम पुलिस वाले खुदागंज रोड पर राजीव की आढत के सामने आये तो एक व्यक्ति सामने से खुदागंज की तरफ से पैदल पैदल गाडी की रोशनी मे आता दिखाई दिया जिसको कुछ पास आने पर हम लोगो के द्वारा गाडी रोककर रुकने को कहा और टोका तो हम पुलिस वालो को देखकर पहचान कर सकपकाकर पीछे मुडकर खुदागंज की तरफ भागने लगा। शक बदमाश होने पर सभी ने गाडी से उतरकर इसको रुकने के लिए कहा और इसने अपने आप को घिरता देख भागते भागते हमारी तरफ मुडकर तुरंत जान से मारने की नियत से हम पुलिस वालो के ऊपर फायर कर दिया। और रोड के किनारे खडे झाडियो मे छिपते हुए खेतो की तरफ भागने का प्रयास करने लगा हम पुलिस वाले अपनी सिखलाई ,टैक्टिकल हरकत व हिकमत अमली से इसकी फायर से बाल बाल बचे और इसको दोबारा फायर करने का मौका न देते हुए चारो तरफ से घेर घोटकर आवश्यक बल प्रयोग कर समय करीब 05.06 बजे राजीव की आढत से करीब 50 कदम की दूरी पर सडक किनारे बने गढ्ढे खाली खेत के पास पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो इसने अपना नाम छोटे लल्ला उर्फ अखिलेश सिंह पुत्र रमनपाल सिंह निवासी ग्राम कंधरापुर नवदिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 40 वर्ष बताया करना जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा नाजायज 315 बोर व नाल में फंसा खोखा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है गिरफ्तार शुदा अभियुक्त छोटे लल्ला उर्फ अखिलेश सिंह उपरोक्त से बरामद एक अदद तमंचा नाजायज 315 बोर व नाल में फंसा खोखा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 253 /2024 धारा 109 BNS व 3/25/27 A.ACT थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त का विवरण:-

अभियुक्त छोटे लल्ला उर्फ अखिलेश सिंह पुत्र रमनपाल सिंह निवासी ग्राम कंधरापुर नवदिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 40 वर्ष

बरामदगी का विवरण

एक अदद तमंचा नाजायज 315 बोर व नाल में फंसा खोखा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर

आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 253 /2024 धारा 109 BNS व 3/25/27 A.ACT थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर
2. मु0अ0सं0 0173/2017 धारा 307/323/504/452 भादवि थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर
3. मु0अ0स0 धारा 240/17 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर
4. मु0अ0सं0-89/18- धारा 386/504/506 भादवि थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर
5. मु0अ0सं0 175/18 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर
6. मु0अ0सं0324/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर
7. मु0अ0सं0-197/19 धारा 307/364/452/506 भादवि थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर

हिरासत में लेने वाली टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सत्यप्रकाश सिंह
2. उपनिरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह
3. उपनिरीक्षक श्री दिनेश चंद
4. उपनिरीक्षक श्री विनीत कुमार
5. हे0का0 240 मो0 सलीम
6. का0 1813 अभिषेक
7. का0 2238 अंकित कुमार
8. का0 2655 राहुल कुमार